आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-109 कटनी ● शनिवार, 22 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### मध्यप्रदेश में बढ़ेगा तापमान



**भोपाल।** अरब सागर से उठे चक्रवाती तूफान के कमजोर पडने के साथ ही वातावरण में नमी कम होने लगी है। बादल छंटने के कारण शुक्रवार को पूरे मध्य प्रदेश में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। भोपाल में अधिकतम तापमान गुरुवार के मुकाबले पांच डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार-रविवार को भी तापमान बढने की संभावना है।

### खाली बर्थ का आएगा नोटिफिकेशन




**भोपाल।** अब आइआरसीटीसी ट्रेनों में खाली बर्थ से लेकर हर तरह की नई सूचनाएं यात्रियों को मोबाइल पर देगा। आइआरसीटीसी ने इसके लिए पुश नोटिफिकेशन सुविधा को नए सिरे से अपडेट किया है। यह विकल्प यात्रियों को जल्द और जरूरी सूचना देने के लिए होगा। अभी यात्री रेलवे की वेबसाइट पर जाकर नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम की मदद से ट्रेनों में बर्थ की स्थिति देखते हैं।




# कमजोर पड़ रही देश में कोरोना की दूसरी लहर

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की दूसरी लहर लगातार कमजोर पड़ रही है। नए केस के साथ ही मृतक संख्या में भी लगातार कमी देखी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी बीते 24 घंटों के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में 2,57,299 नए केस सामने आए हैं, जबकि महामारी को मात देने वालों की संख्या 3,57,630 है। इस दौरान 4,194 मरीजों की मौत हुई है। इस तरह देश में अब तक कोरोना संक्रमण के 2,62,89,290 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 2,30,70,365 लोगों ने महामारी को मात दे दी है जबकि 2,95,525 मरीज जिंदगी की जंग हार गए हैं। अभी पूरे देश में 29,23,400 एक्टिव केस हैं।आयुष मंत्रालय ने आम लोगों को कोरोना महामारी के चलते पैदा हुई चुनौतियों से निपटने और उचित परामर्श देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 14443 जारी किया है। हर दिन सुबह छह बजे से मध्य रात्रि तक आयुर्वेद, होम्योपैथी, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों से सलाह ली जा सकती है। ये विशेषज्ञ सिर्फ उचित सलाह और उपचार ही नहीं बताएंगे, बल्कि आसपास के आयुष चिकित्सालयों की जानकारी भी देंगे। इनके द्वारा कोरोना के मरीजों को संक्रमण मुक्त होने के बाद जल्द स्वस्थ होने के उपाय भी बताए जाएंगे। इस हेल्पलाइन नंबर पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जानकारी ली जा सकती है। देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर में लगातार नरमी आ रही है। पिछले दो हफ्ते के दौरान संक्रमण दर में करीब 10 फीसद की गिरावट आई है। एक हफ्ते से अधिक समय से प्रतिदिन नए मामलों से अधिक मरीज ठीक भी हो रहे हैं जिन लोगों का अस्पताल में या घरों में इलाज चल रहा है उनकी संख्या भी 25 दिन बाद घटकर 30 लाख से नीचे आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभागों से मिले आंकड़ों के मुताबिक दो हफ्ते पहले यानी आठ मई को संक्रमण दर 22.18 फीसद थी। 21 मई को संक्रमण दर गिरकर 12.59 फीसद पर आ गई। इस दौरान रिकॉर्ड 20.61 लाख नमूनों की जांच की गई है। बीते 24 घंटे में 2.54 लाख नए मरीज सामने आए हैं, इस दौरान 3.52 लाख लोग पूरी तरह से संक्रमण मुक्त हुए हैं और 4,142 मरीजों की मौत भी हो गई है, जिसमें महाराष्ट्र में 1,263, तमिलनाडु में 467, कर्नाटक में 353 और दिल्ली में 252 मौतें शामिल हैं। इसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या दो करोड़ 62 लाख 85 हजार से अधिक हो गई है।

25 दिन बाद 30 लाख से नीचे सक्रिय केस



## क्विक अपडेट




### सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, कहा- ब्लैक फंगस की दवाओं का करें इंतजाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को ब्लैक फंगस को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। सोनिया गांधी ने पत्र लिखकर पीएम मोदी से अनुरोध किया कि म्यूकर मायकोसिस यानी ब्लैक फंगस का कहर बढ़ता जा रहा है, ऐसे में ब्लैक फंगस से निपटने के लिए पर्याप्त दवाओं का इंतजाम किया जाए।।

### भारत पहुंची स्पूतनिक-वी की डेढ़ लाख खुराकें

नई दिल्ली। रूस में भारतीय राजदूत ने जानकारी दी कि अभी तक रूसी वैक्सीन स्पूतनिक-वी की 1,50,000 खुराकें भारत पहुंच चुकी हैं और ऐसी उम्मीद है कि मई के अंत तक 30 लाख खुराकें भारत पहुंच जाएंगी। वहीं जून तक ये आंकड़ा 50 लाख हो सकता है और अगस्त में भारत में स्पूतनिक-वी का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

### हवा में फैल सकता है ब्लैक फंगस पर चिंता की बात नहीं है

**नई दिल्ली।** ब्लैक फंगस को लेकर एम्स के डॉक्टर ने बड़ी बात कही है। एम्स के डॉक्टर और प्रोफेसर डॉ. निखिल टंडन ने कहा कि ब्लैक फंगस हवा के जरिए भी फैल सकता है लेकिन डरने की कोई बात नहीं है, जब तक आपका शरीर इसके खिलाफ लड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा कि म्यूकर फेफड़ों तक भी फैल सकता है लेकिन इसकी संभावनाएं बहुत कम हैं।

### टूलकिट मामले पर कमलनाथ और नरोत्तम मिश्रा आमने-सामने

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजनीति में टूलकिट मामला तूल पर है। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि पहले इसे चीनी वायरस कहा गया, अब भारतीय वायरस कहा जा रहा है। हमारे वैज्ञानिक इसे भारतीय वायरस कह रहे हैं लेकिन सिर्फ भाजपा के सलाहकार नहीं मान रहे हैं। कमलनाथ का पलटवार करते हुए नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल ने इसे भारतीय वैरिएंट कहा था, अब कमलनाथ ऐसा बोल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये निश्चित है कि कमलनाथ का टूलकिट से कोई ना कोई संबंध है।

## ताउते के बाद अब यास तूफान का खतरा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों पर अलर्ट

# एक गया, दूसरा सामने खड़ा

**नई दिल्ली।** देश में ताउते चक्रवाती तूफान के बाद अब यास तूफान का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आज यास तूफान भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक के 26 मई को यास चक्रवात के ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तट से गुजरने की आशंका के चलते ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अलर्ट जारी किया गया है। एहतियात के तौर पर एनडीआरएफ ने 30 में से 14 जिलों को सतर्क कर दिया है। इसके अलावा ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भारतीय नौसेना एवं भारतीय तट रक्षक बल से भी अलर्ट पर रखा गया है। इधर बीच ओडिशा के मुख्य सचिव एससी मोहपात्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति के निपटने के लिए आपात बैठक की है। उन्होंने बैठक के बाद बताया कि राज्य सरकार चक्रवात 'यास' के किसी भी प्रभाव से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बचाव दल को अलर्ट पर रखा गया है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा है कि अभी तक मौसम विभाग ने चक्रवात के संभावित, मार्ग, इसकी गति, तट से टकराने का स्थान आदि के बारे में जानकारी नहीं दी है, फिर भी सरकार पूरी तरह से तैयार है।



गौरतलब है कि मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा था कि 22 मई को बंगाल की खाड़ी के पूर्वी मध्य हिस्से पर एक कम दबाव का क्षेत्र बनेगा, जो चक्रवाती तूफान में बदल सकता है और 26 मई को ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से टकरा सकता है। ऐसी परिस्थिति में मछुआरों को समुद्र तट से दूर रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने बताया है कि आगामी 72 घंटों में धीरे-धीरे चक्रवाती तूफान में बदल सकता है, जो उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ने के साथ 26 मई की शाम के आसपास पश्चिम बंगाल-ओडिशा के तटों तक पहुंच सकता है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में इस तूफान का असर होने के अलावा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह तथा पूर्वी तट के जिलों में तेज बारिश हो सकती है और बाढ़ के हालात भी पैदा हो सकते हैं। इधर केंद्र सरकार ने भी इस संबंध में तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्र ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं तथा संसाधनों का भंडार रखा जाए।

## ब्लैक फंगसः हरियाणा और राजस्थान के बाद मध्यप्रदेश में भी महामारी घोषित



**भोपाल।** कोरोना संक्रमण के बीच ब्लैक फंगस विकराल रूप धारण करता जा रहा है। देश के बड़े हिस्सों में यह तेजी से पैर पसार रहा है। रोजाना सैकड़ों लोग इसके शिकार हो रहे हैं। कई राज्यों ने इसे महामारी घोषित कर रखा है। अब मध्यप्रदेश सरकार ने भी इसे महामारी घोषित किया है। अब सरकार इस बीमारी के मरीज़ों और मृतकों का इलाज का कोरोना की तरह ही रिकॉर्ड रखेगी। बता दें कि मध्यप्रदेश में यह इंफेक्शन तेजी से फैल रहा है। राज्य में अभी तक 10 लोगों की मौत हो चुकी। वहीं कई मरीज अब भी इस बीमारी से जंग लड़ रहे हैं। ब्लैक फंगस से सबसे ज्यादा वह मरीज हैं, जो हाल ही में कोरोना से ठीक होकर घर लौटे हैं. लेकिन फिर से उन्हें अस्पताल जाना पड़ रहा है। देशभर में ब्लैक फंगस के बढ़ते मामलों को देखते हुए पिछले दिनों केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर इसे महामारी घोषित करने की मांग की थी, जिसके बाद राजस्थान हरियाणा, उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे महामारी घोषित की। इन राज्यों में ब्लैक फंगस के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। 100 लोग अब तक मर चुके हैं।

## एमपी में इस साल आरटीई के तहत गरीब अभिभावकों के बच्चों का निजी स्कूलों में होगा प्रवेश




**भोपाल।** कोरोना काल के कारण पिछले सत्र में स्कूल नहीं खुल पाए थे। इस कारण पिछले सत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में 25 फीसद सीटों पर एडमिशन नहीं हुए थे। इस कारण पिछले साल 26 हजार निजी स्कूलों की करीब चार लाख सीटें खाली रह गई थीं, लेकिन इस सत्र के लिए शासन ने स्कूल शिक्षा विभाग को अनुमति दे दी है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी कर दिए हैं। निजी स्कूलों को निर्देशित किए गए हैं कि मई के अंत तक सीटें लॉक कर दें, ताकि एडमिशन प्रक्रिया शुरू किया जा सके।

### रात 12 बजे से 14 घंटों के लिए नहीं मिलेगी पैसों के लेनदेन से जुड़ी यह सुविधा, जल्द निपटाएं काम



नई दिल्ली। देश में डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इस बीच डिजिटल लेनदेन करने वालों के लिए आरबीआई ने एक सूचना जारी की है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि टेक्निकल अपग्रेड के चलते कुछ घंटों के लिए ग्राहकों के लिए नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। यह अपग्रेडेशन 22 मई 2021 को कारोबार बंद होने के बाद होगा। इसकी वजह से 22 मई खत्म होने के बाद रात 12 बजे से लेकर 23 मई को दोपहर दो बजे तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

# 1 जून होगा अनलॉक?

## कई राज्यों में राहत के संकेत एमपी में भी कम होंगी बंदिशें



**भोपाल।** देश में कोरोना की दूसरी लहर पर काबू मिलता दिख रहा है। यही कारण है कि लॉकडाउन का सामना कर रहे राज्यों ने अब अनलॉक यानी नियमों में ढील देने की कवायद शुरू कर दी है। हालांकि कर्नाटक में लॉकडाउन 7 जून तक बढ़ा दिया गया है। अभी देश में सबसे ज्यादा दैनिक मामले कर्नाटक में आ रहे हैं। यानी 1 जून से नियमों में ढील को मिलेगी, लेकिन उन्हीं राज्यों में जहां कोरोना के केसों में कमी आई है। जहां लोगों को कर्फ्यू से राहत मिल सकती है उनमें महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हो सकते हैं। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे 1 जून से राहत के संकेत दे चुके हैं, वहीं मध्य प्रदेश से भी ऐसी ही चर्चा है। इंदौर कलेक्टर ने दिए संकेत हैं कि एक जून से शहर को जनता कर्फ्यु से मुक्ति मिल जाएगी। इस दौरान शहर में माइक्रो कंटेन्मेंट झोन बढ़ाएंगे जाएंगे। झोनवार संक्रमण की समीक्षा कर जनता कर्फ्यु में छूट दी जाएगी। ऐसे क्षेत्र जहां संक्रमण अधिक होगा, उस क्षेत्र को कंटेन्मेंट कर बंद किया जाएगा। पहले चरण में सब्जी किराना के बाद थोक व्यापार व निर्माण गतिविधियों को छूट मिलेगी। बता दें, अधिकांश राज्यों ने इस महीने के आखिरी या 1 जून सुबह 7 बजे तक लॉकडाउन लगाया है। माना जा रहा है कि जहां जहां हालात सुधरते हैं, वहां 1 जून से राहत मिल सकती है।

### मैं जानता हूं जनता तकलीफ में है- शिवराज

एमपी के सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि मैं जानता हूं कष्ट, तकलीफें बहुत है, लेकिन लोगों की जिंदगी से ज्यादा नहीं है। टारगेट रखें कोरोना फ्री मेरा शहर। 1 जून से अनलाक होना शुरू होगा, इसका भी सिस्टम बनाएंगे, एक-एक करके जहां-जहां खोलना है उसकी भी मैं बैठक कर रहा हूं। मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं, आपके सहयोग के बिना नहीं हो सकता। एक-एक पेशेंट की पहचान करें।

## कोरोना ने छीन लिए धरती के 420 भगवान सिर्फ दिल्ली में 100 डॉक्टरों की मौत



**नई दिल्ली।** पूरे देश में कोरोना महामारी का प्रकोप जारी है। इस महामारी में लोगों की जान बचाने वाले डॉक्टरों ने भी अपनी जान गंवाई है। कोरोना की दूसरी लहर में देशभर में 420 डॉक्टरों की मौत हुई है। कोरोना वायरस से हुई मौत को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आंकड़े जारी किए हैं। आंकड़ों के मुताबिक दूसरी लहर में सबसे ज्यादा दिल्ली के 100 डॉक्टरों की मौत हुई है। दिल्ली के बाद बिहार में 96 डॉक्टरों की मौत हुई है। उत्तर प्रदेश के 41 डॉक्टरों ने कोरोना वायरस की चपेट में आकर दम तोड़ दिया है। गुजरात में 31 डॉक्टरों की मौत हुई है। जबकि आंध्र प्रदेश में 26, महाराष्ट्र में 15, मध्य प्रदेश में 13, असम में 3, गोवा में 2, हरियाणा में दो डॉक्टरों की जान गई है। पंजाब में एक और पुडुचेरी में भी एक डॉक्टर की मौत हुई है।

### यूपी ने सर्वाधिक टेस्टिंग का बनाया रिकार्ड

यूपी ने एक दिन में सर्वाधिक 3.07 लाख टेस्ट करने का रिकॉर्ड बनाया है। एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में कोरोना टेस्ट करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। प्रदेश में योगी सरकार के निर्देश पर टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीट फॉर्मूले पर काम किया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश में कोरोना टेस्ट की संख्या बढ़ाई गई है और सक्रिय मामलों की संख्या में कमी आई है। प्रदेश में 21 दिनों में 2.15 लाख केस घटे हैं। इस समय प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या एक लाख से नीचे आ गई है। वहीं, कोरोना वैक्सीनेशन में भी प्रदेश ने रिकॉर्ड बनाया है। उत्तर प्रदेश देश में सबसे ज्यादा नौजवानों को वैक्सीन का सुरक्षा कवर देने वाला राज्य बन गया है।

## 45 लाख यात्रियों की निजी जानकारियां चोरी



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के यात्री सेवा प्रणाली प्रदाता एसआईटीए ने इस वर्ष फरवरी में एक साइबर हमले का सामना किया। इसकी वजह से 45 लाख यात्रियों के व्यक्तिगत डाटा लीक हो गए। यात्रियों के क्रेडिट कार्ड के साथ हैकरों ने निजी जानकारियां भी चुराई। एयर इंडिया द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि 11 अगस्त 2011 और तीन फरवरी 2021 के बीच एयर इंडिया के निश्चित संख्या में यात्रियों की निजी जानकारी लीक हुई है, जिसमें नाम, जन्म तिथि, मोबाइल या फोन नंबर, पासपोर्ट जानकारी, टिकट जानकारी और क्रेडिट कार्ड डाटा शामिल है। यह अत्यंत चिंता का विषय है। यात्री परेशान हैं कि कहीं वे ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार न हो जाएं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।एयर इंडिया ने कहा है कि, हम और हमारे डाटा प्रोसेसर लगातार सुधारात्मक कदम उठा रहे हैं। हम यात्रियों से अपील करेंगे कि वे अपने व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, पासवर्ड बदल लें।

### टिकैत को धमकी, एफआई आर




**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को फोन पर जान से मारने की धमकी देने और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि व्हाट्सएप पर गाली-गलौज और अश्लील वीडियो भी भेजे जा रहे हैं। रंगदारी नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। गाजियाबाद की ओर से कौशांबी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है

## आईपीएल के बाकी मैचों पर पूर्व कप्तान बोले- यह बहुत सिंपल..



**नई दिल्ली।** कुछ खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित होने के बाद आईपीएल 2021 को मई महीने की शुरुआत में स्थगित कर दिया गया। बताया गया कि बाकी बचे मच जल्द ही कराए जाएंगे, लेकिन बीसीसीआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि वह इस टूर्नामेंट के बचे हुए मैचों को कहां और कैसे कराए। क्योंकि कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, ऐसे में बोर्ड के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस संकट के बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक सुझाव दिया है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन करना बहुत आसान है। माइकल वॉन ने ट्वीट के जरिए सुझाव देते हुए कहा, आसान उपाय... भारत के खिलाफ पहला टेस्ट एक हफ्ता पहले कराया जाए, ऐसे में इंग्लैंड का कोई टेस्ट खिलाड़ी द हंड्रेड टूर्नामेंट नहीं खेलेगा और फिर वहां भारत के टेस्ट खिलाड़ी उनकी जगह ले सकते हैं। इसके बाद आईपीएल 2021 के बाकी बचे टूर्नामेंट भी पूरा किया जा सकेगा। सबके लिए अच्छी डील होगी।सबकी निगाहें आईपीएल 2021 के बचे हुए मैचों के आयोजन को लेकर 29 मई को होने वाली स्पेशल जनरल मीटिंग पर है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस दिन तारीख और जगह की घोषणा की जा सकती है। आईपीएल 2021 के अभी 31 और मैच खेले जाने बाकी हैं। 29 मैच खेले जा चुके हैं । पिछले दिनों बीसीसीआई ने साफ कर दिया था कि टूर्नामेंट स्थगित किया गया है, न की रद्द।

# 60 फीसदी आबादी के लिए देश को 100 करोड़ टीकों की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों और टीकाकरण अभियान की सुस्त रफ्तार के बीच अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा कि इस वक्त भारत को 100 करोड़ कोविड वैक्सीन खुराक की जरूरत है। आईएमएफ ने एक प्रेस नोट के माध्यम से कहा भारत को अधिकांश लोगों को टीका लगाने और नई क्षमता में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 1 बिलियन कोविड वैक्सीन खुराक का आदेश देना चाहिए। बता दें कि देश के कई राज्यों में कोरोना वैक्सीन की भारी कमी हो गई है। राज्य सरकारों ने टीकाकरण केंद्रों को बंद कर दिया है। आईएमएफ ने कहा कि 1 बिलियन वैक्सीन खुराक के आदेश के बाद भारत की 60 फीसदी आबादी वैक्सीनेट हो सकती है। साथ ही निवेशकों और फॉर्मा कंपनियों को भी फायदा मिलेगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ और अर्थशास्त्री रुचिर अग्रवाल के बीच हुई बातचीत के आधार पर नोट जारी किया गया है। इसमें भारत से केंद्रीय स्तर पर वैक्सीन खरीदने की अपील की गई है। साथ ही महामारी से निपटने के लिए पचास डॉलर बिलियन की बनाई गई तीन स्तरीय योजना पर भी चर्चा की गई है। बता दें कि भारत में अभी दो फॉर्मा कंपनी ही कोविड वैक्सीन तैयार कर रही है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशिल्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन उपलब्ध है। हालांकि इसी महीने से रूस की स्पुतनिक वैक्सीन भी मरीजों को लगाई जा रही है।




### 21 करोड़ वैक्सीन राज्यों को भेजे गए

वहीं केंद्र की ओर से अभी तक राज्यों को 21 करोड़ टीके भेजे जा चुके हैं। वैक्सीन की पहली खुराक देश की 80 फीसदी आबादी ले चुकी है, लेकिन दूसरी खुराक के लिए उन्हें तय समय से ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है। भारत की दोनों कंपनियां हर महीने 6 से 7 करोड़ वैक्सीन उत्पादन कर रही हैं। हालांकि कंपनियों के पास इससे ज्यादा उत्पादन करने की क्षमता है।

## संगीतकार रामलक्ष्मण का निधन



**मुंबई।** सुपर हिट संगीत से सजी फिल्म हम आपके हैं कौन के ख्यात संगीतकार रामलक्ष्मण का आज निधन हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक ख्यात संगीतकार रामलक्ष्मण बीते कई दिनों से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह संगीतकार रामलक्ष्मण ने अंतिम सांस ली। माधुरी दीक्षित और सलमान खान स्टारर फिल्म हम आपके हैं कौन के अलावा भी उन्होंने कई फिल्मों में हिट संगीत दिया था। रामलक्ष्मण के गाने आज भी युवा पीढ़ी की बीच काफी पसंद किए जाते हैं।यह बहुत कम लोग जानते हैं कि संगीतकार रामलक्ष्मण का असली नाम विजय पाटिल था और उन्होंने 70 से फिल्मों में संगीत दिया है। हिंदी फिल्मों के अलावा रामलक्ष्मण ने मराठी और भोजपुरी फिल्मों के लिए भी काम किया था। संगीतकार रामलक्ष्मण को पहले इंडस्ट्री में 'लक्ष्मण' के नाम से जाने जाते थे। इस बीच उन्होंने एक अन्य संगीतकार राम के साथ मिलकर काम करना शुरू कर दिया था।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE
MICROTEK



पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

# कोरोना कर्फ्यू में दी जाने वाली छूट को लेकर करें प्लानिंग

## कोरोना केसेस की रोकथाम के लिए एक स्वर में काम करें शासन और प्रशासन

### खनिज मंत्री की अध्यक्षता में जिलास्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक



**कटनी।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कोविड के प्रभारी बनाए गए खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने की। जिलास्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में मंत्री ने जिले में कम हो रही कोरोना की पॉजीटिविटी रेट पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब हमें शेष बचे प्रकरणों के लिये प्रभावी कार्ययोजना बनाकर काम करना होगा। शासन-प्रशासन एक स्वर से इस कार्य में जुटें। जहां पॉजीटिव केस आयें, वहां कंटेनमेन्ट जोन बनाकर उन्हें वहीं कंट्रोल करें, ताकि संक्रमण का फैलाव ना हो। श्री सिंह ने कान्टेक्ट ट्रेसिंग पर भी विशेष फोकस करने के निर्देश प्रशासन को दिये। इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय पाण्डेय और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में श्री सिंह ने कहा कि हमारी अगली चुनौती कोरोना कर्फ्यू दी जाने वाली ढ़ील को लेकर है। प्रशासन की टीम वैज्ञानिक तरीके से इस दिशा में प्लानिंग बनाए। हम अभी प्लानआउट करें। व्यवस्था तय करें कि किस अनुक्रम में कोरोना कर्फ्यू में ढील दी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों के लिये पृथक से कार्ययोजना बनाने और उसके क्रियान्वयन कराने के निर्देश कोविड प्रभारी मंत्री ने दिये। जिले में शेष बचे कोरोना के केसेस पर विशेष ध्यान देते हुये कार्य करने की बात मंत्री श्री सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिये जिला पंचायत की टीम के साथ इसकी प्लानिंग करें। बचे केसेस पर कैसे नियंत्रण करें, इस दिशा में काम हो। आयुष्मान योजना के तहत कोविड के उपचार का रिव्यू भी जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट समिति की बैठक में मंत्री श्री सिंह ने किया।

### ब्लैक फंगस के लिए एक्शन मोड में काम करें अधिकारी कर्मचारी और स्वास्थ्य विभाग

ब्लैक फंगस का रिव्यू करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इसके उपचार के लिये एक्शन मोड में आकर काम करें। जिले में स्पेशलाईजेशन वाले डॉक्टर्स के संपर्क में स्वास्थ्य विभाग का अमला रहे और उनसे भी इस संबंध में आवश्यक जानकारी समय पर मिलती रहे। कंट्रोल रुम के माध्यम से ब्लैक फंगस के विषय में पूछे जाने वाले प्रश्नों के जवाब दिये जायें। कोविड को लेकर पृथक से एक कोविड सेन्टर स्टेबलिश करने का सुझाव भी बैठक में मंत्री श्री सिंह ने दिया। उन्होने कहा कि प्रशासन ऐसी प्लानिंग कर सकता है कि हम कोविड सेन्टर बनायें, जहां सिर्फ कोविड के पेशेन्ट्स को रखा जाये। उसके लिये अलग से स्टाफनियुक्त किया जाये। इसके लिये हम आर्थिक सहयोग डीएमएफऔर सीएसआर के माध्यम से ले सकते हैं। कोरोना की तीसरी लहर का देखते हुये अभी से अपनी तैयारी प्रारंभ रखने के निर्देश मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने दिये। उन्होने कहा कि अपने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मजबूत बनायें। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले में कोरोना की रोकथाम के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी मंत्री श्री सिंह सहित समिति के सदस्यों के सामने रखी।



## विवान गुप्ता ने एक बार फिर कटनी का नाम किया रोशन

**कटनी।** विवान गुप्ता ने इंटरनेशनल बुक ऑफरिकॉर्ड में रिकॉर्ड हासिल किया। उन्होंने बहुत ही कम समय में 149 फ्लैश काड्र्स की पहचान की। इंटरनेशनल बुक ऑफरिकॉर्ड ने मेडल और एक खूबसूरत सर्टिफिकेट से विवान को सम्मानित किया गया है। विवान ने विश्व रिकॉर्ड के चैपियन बुक में भी अपना नाम दर्ज किया है और उसमे उन्होंने एस्पायरिंग और लिटिल चैंप का खिताब हासिल किया है। विवान ने 2 साल 5 महीने की उम्र में अधिकतम सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के उतर देने का रिकॉर्ड बनाया है। सीबीआर में उन्हें ट्रॉफी, मेडल और सुंदर प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। अब तक विवान को 10 ट्रॉफी, 9 मेडल्स और 200 से अधिक प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया है जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भी शामिल हैं। विवान का नाम इंडिया बुक ऑफरिकॉर्ड में शामिल है। विवान को 110से अधिक फ्लैग्स की पहचान है। एक अभिभावक के रूप में हम अपने जीवन में उसे पाकर बहुत धन्य महसूस करते हैं। हमने उसे 1 साल की उम्र में घर में ही स्कूली शिक्षा देना शुरू किया था। उसे ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब, लिंक्डइन, इंस्टाग्राम जैसे सभी सोशल मीडिया पर चित्रित किया गया है। विवान गुप्ता ने अपने ग्रैंडपेरेंट्स और उसके माता पिता को गर्व महसूस कराया है। हम अपने जीवन में उसे पाकर बहुत धन्य महसूस करते हैं। हम एक अभिभावक के रूप में गर्व करते हैं और उसकी उपलब्धियों से बहुत खुश हैं और उसके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## रोको –टोको अभियान के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

**कटनी।** रोको-टोको अभियान का आयोजन किया जाकर आमजनों को कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए सावधानियों को अपनानें हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन की सहयोगी संस्था द्वारा रोजाना प्रयास किये जा रहे है। नगर में बाहर से आनें वाले यात्रियों द्वारा संक्रमण का प्रसार न हो सके इस हेतु निगम की सहयोगी संस्था की टीम द्वारा रोजाना कटनी साउथ एवं कटनी मुडवारा रेल्वे स्टेशन परिसरों में रोको-टोको अभियान का आयोजन किया जाकर यात्रियों एवं आमजनों को संक्रमण के प्रति जागरूक किया जाकर मास्क का उपयोग करनें, दो गज की दूरी बनाये रखने तथा साबुन से हांथो को धुलकर अथवा सेनेटाईजर का उपयोग करनें तथा सावधानी की दृष्टि से यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग का कार्य किया जाकर यात्रियों की जानकारी रजिस्टर में संधारित की गई। वेक्सीनेशन केन्द पुराना जिला न्यायालय परिसर एवं कोविड जांच केन्द्र जैन माध्यमिक शाला मे आनें वाले नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पडे इस हेतु उन्हे आवश्यक जानकारी प्रदान की जाकर संबंधित काउन्टरों में सोशल डिस्टेंसिंग के साथ क्रमबद्ध तरीके से करनें तथा संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु कोविड गाईडलाईन का पालन कराने की कार्यवाही कराई जाकर परिसर की अन्य व्यवस्थाओं में आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।



## कोरोना टीका, आपका सुरक्षा घेरा

### कोरोना टीकाकरण के प्रति जागरुकता के लिए तीन जागरुकता रथ रवाना




**कटनी।** कोरोना टीका आपका सुरक्षा घेरा है। कोरोना के टीके से घबरायें नहीं, इसे लगवायें। कोरोना वेक्सीनेशन के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा तीन कोरोना जागरुकता रथ शुक्रवार को रवाना किये गये। जागरुकता रथों को जिले के कोविड प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने हरी झंण्डी दिखाकर कलेक्टर कार्यालय परिसर से रवाना किया। इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी मौजूद रहे।कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि यह तीन रथ अभी विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा और रीठी के लिये रवाना किये गये हैं। शीघ्र ही तीन और जनपदों के लिये जागरुकता रथों को रवाना किया जायेगा। इन रथों के माध्यम से कोरोना टीकाकरण से होने वाले फायदों के विषय में जानकारी दी जायेगी। वहीं कोरोना के टीके को लेकर फैलाये जा रहे भ्रमों को भी दूर किया जायेगा। श्री मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कोरोना टीकाकरण को प्रोत्साहित करने वाली और भ्रामक जानकारियों को दूर करने वाली एनीमेशन फिल्म भी बनाई गई है। जिसे ग्राम पंचायतस्तर पर दिखाया भी जा रहा है। जागरुकता रथ को रवाना करते समय निर्वतमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, पीताम्बर टोपनानी, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


## बड़वारा में कोरोना वॉरियर्स नें किया 6 यूनिट रक्तदान

**कटनी।** खजुराहो सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा तथा क्षेत्रीय सांसद हिमाद्री सिंह की मंशानुसार सेवा ही संगठन सेवा कार्य के लिये बड़वारा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद



प्रतिनिधि पद्मेश गौतम एवं डॉ अनिल झामनानी भी शामिल रहे। बड़वारा ब्लॉक के नेहरू युवा केन्द्र स्वयंसेवक कोरोना वॉरियर्स के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे विकास यादव ने 21 मई को अपने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में ब्लड कलेक्शन वैन में रक्तदान करते हुये बड़वारा क्षेत्र केयुवाओं के साथ रक्तदान करने का संकल्प लिया है। युवा समाजसेवी विकास यादव ने कोरोना महामारी संक्रमण के दौरान अनेक पहल की है। युवा समाजसेवी विकास यादव ने क्षेत्र के 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवाओं से अपील की है कि सामाजिक उत्तरदायित्व समझते हुए टीकाकरण के पूर्व रक्तदान करें एवं समय पर टिका अवश्य लगवाएं। इसके साथ ही दूसरों को भी टीकाकरण एवं रक्तदान के लिये प्रेरित करें। समाजसेवी विकास ने कहा कि भविष्य में वैश्विक महामारी से निपटने हेतु रक्तदान करे ताकि जिला चिकित्सालय के रक्त कोष में जरुरतमंदों के लिये रक्त की उपलब्धता बनी रहे। रक्तदान में सभी की भागीदारी आवश्यक है। रक्तदान शिविर में फार्मासिस्ट विनय पाटकर, शुभम श्रीवास, खेमचंद यादव, राहुल चौहान, जयप्रकाश सिंह गोलू, अरविंद श्रीवास, नरेंद्र कुशवाहा, सचिन सिंह चौहान, प्रह्लाद कुशवाहा, रंजीत पटेल ने रक्तदान किया।

## ग्रामीणों की थर्मल स्क्रीनिंग, आक्सीजन लेवल की जांच








### अशोका एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने शुरू किया अभियान

**कटनी।** अशोका एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जाकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों व विभिन बस्तियों में लोगों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण व वैक्सीन हेतु जागरूक करने का कार्यक्रम निरंतर जारी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि क्षेत्र के नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर शासन प्रशासन का सहयोग करना ही हमारा लक्ष्य है। वेलफेयर सोसाइटी कल से कोरोना किल अभियान निवार पहाड़ी क्षेत्र के शुभारंभ किया गया। कल कुल 200 परिवारों में सर्वे किया गया। सदस्यों द्वारा गांवों के नागरिकों का तापमान, ऑक्सिजन लेवल, ब्लड प्रेशर की जांच व ब्लडप्रेशर चेक करके उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराकर वैक्सीन लगवाने की सलाह दे रहे हैं। आज सोसायटी के सदस्यों द्वारा जरवाही गाँव ग्राम पंचायत निवार में एवं पहाड़ी में 600 परिवारों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर लोगो का टेम्परेचर, ऑक्सीजन लेबल चेक एवं ब्लड प्रेशर चेक किया गया एवं मास्क सेनेटाइजर वितरण किया गया। सोसाइटी द्वारा निवार, ग्राम पहाड़ी में घर घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर लोगो का टेम्परेचर, ऑक्सीजन लेबल चेक किया गया एवं मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किया गया साथ ही ज्यादा से ज्यादा वैक्सिनेशन के लिए नागरिकों प्रेरित किया गया।

## वैश्विक स्तर आतंकवाद के विरुद्ध डटकर करेंगे सामना

### ऑनलाईन गूगल मीट के माध्यम से ली शपथ





**कटनी।** तिलक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस.के.खरे के निर्देशन में जिला अंतर्गत समस्त शासकीय महाविद्यालयों में भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा दिनांक 13 मई के अनुसार 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ ऑनलाईन गूगल मीट के माध्यम से दिलाई गई। शपथ ग्रहण के ऑनलाईन कार्यक्रम में जिले के प्राचार्य, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सर्वप्रथम शपथ ग्रहण कराई गई तत्पश्चात डॉ. अरूण कुमार, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ के द्वारा संक्षिप्त में अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम समन्वयक के द्वारा बताया गया कि हमारा युवा वर्ग समाज में शान्ति और अहिंसा के पथ पर चलते हुये वर्तमान की समस्याओं का निराकरण करने में सक्षम कैसे हों इस हेतु युवा वर्ग को भाईचार, प्रेम, सद्भाव एवं मानव कल्याण के लिये प्रेरक बनना होगा। आतंकवाद से निपटने के लिये नागरिकों को भी अपना सहयोग करना चाहिए। आज वैश्विक स्तर आतंकवाद के विरूद्ध सभी डटकर इसका सामना करेंगे। ऑनलाईन शपथ ग्रहण समारोह में कटनी जिला अंतर्गत समस्त शासकीय महाविद्यालयों के शैक्षणिक स्टाफकी उपस्थिति रही।



### आतंकवाद विरोधी दिवस पर दिलाई गई शपथ

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस पर जिले में भी लोकसेवकों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय सहित जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर शपथ ली। इस अवसर शपथ ली गई कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं''।



## घिनौची स्टॉपडेम के पास की गई नदी की सफाई

**कटनी।** नगर की पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा कटनी नदी की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जलप्रदाय विभाग के उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के जलप्रदाय विभाग द्वारा कटनी नदी के अपस्ट्रीम में घिनौची स्टॉपडेम एवं पुल के नीचे तक पोकलीन मशीन के माध्यम से नदी में जमा सिल्ट की सफाई की जाकर गहरीकरण का कार्य कराया जाकर पानी के बहाव को कटाएघाट बैराज तक सुगमता से भेजनें के प्रयास किये जा रहे है तकि नगर की पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 22 मई 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper





# जिद : टीका न लगवाऊंगी साहब ! हमें मरना नहीं है

## पुलिस पहुंची तो घरों के अंदर से निकल नहीं रहे थ लोग

## मदद करने पहुंची थी बरही पुलिस, टीआई ने दी समझाइश

**बरही।** गुरुवार की शाम बरही पुलिस नगर के हरतला टोला स्थित आदिवासी मुहल्ला आपदा काल मे मदद करने राशन सामग्री वितरित करने पहुँची हुई थी। पुलिस को देखकर भयभीत हुए आदिवासी परिवार घर से बाहर नहीं निकल रहाए उन्हें इस बात का भय था कि पुलिस वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंची हुई है, जब उन्हें यह पता चला कि पुलिस राशन वितरित करने आई है, तब धीरे-धीरे घरों से महिलाएं निकली। राशन सामग्री का बरही पुलिस ने वितरण किया। इस दौरान महिलाए व मोहल्ले वाले कहने लगे कि साहब हमे मरना नही हैए किसी कीमत में टिका नही लगवाएंगे। टीका लगवाने के बाद लोग मर जाते है, यह सुनकर बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची सहित मदद करने पहुँचे लोग दंग रह गए।

### टी आई ने कहा - टीका लगवा लो, बीमारी से राहत मिलेगी

टीआई श्री अयाची ने ग्रामीणों समझाते हुए बताया कि अफवाह में मत जाइए, टीका लगवाना जरूरी है, टीका लगवाने से किसी भी तरह का नुकसान नही है, आप सभी टीका लगवा ले, बीमारी से राहत मिलेगी। एक युवक ने कहा कि हम मेहनत-मजदूरी करते है, पसीना बहाते है, इसलिए हमें किसी भी टीका की जरूरत नही है, जो मेहनत नही करते पसीना नही बहाते टीका वे लगवाए, हम नही लगवाएंगे। टीआई के लाख समझाइस का असर उनपर नही पड़ा, वे अफवाहों को ही सच मानकर बैठ गए है।

### जागरूकता का अभाव

ग्रामीण इलाकों, आदिवासी एवं निचली बस्तियों में बैक्सीन को लेकर उड़ी अफवाहों के बीच ग्रामीण गलत धारणा बना लिए है, वे वैक्सिनेशन के लिए किसी भी सूरत में तैयार नही है, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन को ग्रामीणों को समझाने के लिए उन्हें अफवाहों से निकलने के लिए कारगर कदम उठाते हुए जागरूक करना पड़ेगा। गुरुवार को बरही पुलिस ने हार्डवेयर व्यापारी संघ के सौजन्य से नगर की आदिवासी बस्ती हरतला टोला, चौधरी मोहल्ला में राशन सामग्री के 100 थैलों का वितरण किया। इस दौरान तहसीलदार एसएन त्रिपाठी, नायब तहसीलदार चंद्रपाल इनवाते, दरोगा श्री रावत, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आरक्षक रोहित सहित हार्डवेयर व्यापारी संघ के व्यापारी मौजूद रहे।

# अधिकारियों ने निभाया सामाजिक दायित्व मास्क वितरण किया

**कटनी।** जिले में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा वृद्ध आश्रम, दृष्टिबाधिक विद्यालयों में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिये जनजागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में गतदिनों उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण राजेश नरेंद्र सिंह के निर्देशन में बच्चन नायक वृद्ध आश्रम एवं राजीव दृष्टिबाधित विद्यालय में मास्क वितरण किया गया। इस अवसर वृद्ध आश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनों



एवं दृष्टिबाधित विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं कार्यरत कर्मचारियों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का नियमित प्रयोग, साबुन से बार-बार हाथ धोना, सैनिटाइजेशन एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। जिले में संचालित वृद्ध आश्रमों का प्रतिमाह सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान प्राप्त होने वाली समस्याओं का निराकरण करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। जनजागरुकता को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम के मौके पर समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी प्रीति श्रीवास्तव, समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी धीरेंद्र बागरी एवं सहायक ग्रेड-2 भरत चौबे की उपस्थिति रही।




# आपदा के दौर में जरुरतमंदों की मदद सराहनीय

**कटनी।** सेवा ही संगठन है इस धेय्य वाक्य का संकल्प लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार 13वे दिन से जिला चिकित्सालय में सांसद कोविड सहायता केन्द्र के माध्यम कोविड मरीजों एवं उनके परिजनों की सहायता की। शासकीय जिला चिकित्सालय में सांसद कोविड सहायता केंद्र के द्वारा जरूरतमंदों की सेवा करने में भाजपा कार्यकर्ता लगातार लगे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो के सांसद विष्णुदत्त शर्मा जिले की जनता के प्रति सदैव संवेदनशील शील रहते हैं। सांसद के निरंतर मार्गदर्शन में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा भाव के साथ जरूरतमंदों को मदद पहुंचा रहे हैं। भाजपा जनसेवा को सर्वोपरि मानती है। सेवा के संकल्प को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता समाज को मदद पहुँचाने का कार्य प्राण प्रण से कर रहे हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कोरोना आपदा के दौर में जरुरतमंदों की मदद के लिए कृतसंकल्पित है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार 13वें दिन सांसद कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन, आयुष का त्रिकुट काढा, गर्म पानी, सादा पानी, मास्क, सेनेटाइजर एवं बिस्किट आदि देकर उनकी मदद की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, रवि खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, मयंक गुप्ता, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास, अमित पिल्लै आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**भाजपा कोविड सहायता केन्द्र का 13वां दिन**

# सड़कों पर दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं पर गिरी गाज





**कटनी।** कोविड-19 के संक्रमण की चैन को तोडनें हेतु जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर निगम द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नगर में कोरोना महामारी के संक्रमण का प्रसार न हो सके इस हेतु प्रशासन द्वारा चिन्हित थोक एवं फुटकर सब्जी, फल विक्रय स्थलों से रोजाना प्रातः 10 बजे तक सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए व्यवसाय कराया जा रहा है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी स्थित थोक सब्जी मंडी सहित फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय के सामनें तथा हाउसिंग बोर्ड मैदान में चिन्हित फुटकर सब्जी, फल विक्रय स्थलों के संचालन में संलग्न निगम के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रातः से सब्जी मंडी स्थल में उपस्थित होकर मंडी की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराते हुए थोक एवं फुटकर सब्जी विक्रेताओं को अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग कर सोशल डिस्टेंसिंग अनुसार बैठनें की कार्यवाही की जाकर संक्रमण को रोकनें हेतु निर्धारित समय प्रातः 10 बजे सब्जी फल मंडी व्यवसाय को बंद कराने की कार्यवाही की गई।


निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों बिलैया तलैया सब्जी मंडी, खिरहनी ओव्हर ब्रिज की नीचे, महारानी लक्ष्मी बाई चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड सहित नगर के अन्य सब्जी विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया जाकर स्थाई रूप से बैठकर व्यवसाय करने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाकर व्यवसाईयों को ठेले में सामग्री रखकर नगर के विभिन्न स्थलों में घूमकर व्यवसाय करनें की कार्यवाही कराई जा रही है।

# संचार क्रांति के क्षेत्र में राजीव का योगदान भुलाया नहीं जा सकता

## कांग्रेस द्वारा वर्चुअल श्रद्धांजलि सभा व संगोष्ठी का आयोजन

**कटनी।** भारत देश में संचार क्रांति के जन्मदाता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा वर्चुअल श्रद्धांजलि सभा व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने कांग्रेसजनों के साथ मिलकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वर्चुअल मीटिंग में राजीव गांधी के विषय मे विचार व्यक्त करते हुए मिथलेश जैन ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने अपने अल्प समय के कार्यकाल में ही संचार क्रांति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और आज देश संचार क्रांति के क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष के नवयुवकों की सरकार में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने उन्हें वोट डालने का अधिकार दिया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष गुमान सिंह ने कहा कि आज का दिन कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि पार्टी और देश ने ऐसे नेता को खो दिया, जिन्होंने देश को विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया और राजनीति में रुचि ना होते हुए भी देशसेवा के लिए राजनीति में आकर अपना अभूतपूर्व योगदान दिया और भारत देश मे पंचायती राज पर बल दिया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव हरिशंकर शुक्ला ने कहा कि राजीव गांधी ही एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति में महिलाओं को लेकर सर्वाधिक बल दिया और सत्ता में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु महिला आरक्षण की व्यवस्था की। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रियदर्शन गौड़ ने कहा कि आज के दिन जब देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का निधन हुआ तो ऐसा लगा जैसे कोई बहुत ही पुण्यात्मा ने इस ब्रह्मांड से विदाई ली हो और पूरे देश मे आंधी तूफान आया था और निश्चित ही कांग्रेस पार्टी ने ही नही बल्कि देश ने एक ऐसे वटवृक्ष को खोया था, जिसकी कमी कोई पूरी नही कर सकता। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करन सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ 46 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने सम्पूर्ण विश्व के पटल पर भारत देश की अविस्मरणीय छबि स्थापित की थी और महिला सशक्तिकरण, 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार, महिला आरक्षण और संचार क्रांति के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये थे जिन्हें भुलाया नही जा सकता। यदि वे आज जीवित होते तो भारत देश विश्व में समस्त क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निर्वाहन कर रहा होता। जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मनु दीक्षित ने कहा कि देश के किसानों के साथ भेदभाव हो रहा है और सभी का पेट भरने वाला किसान आज स्वयं अपने हितों की लड़ाई लड़ रहा है और देश का किसान कांग्रेस पार्टी की ओर आशावादी नजरों से देख रहा है ऐसे में हमारे युवा प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हम सबको किसान भाइयों के हितों की लड़ाई लड़नी चाहिए। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला एडवोकेट ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सबको राजीव जी के विचारों से प्रेरणा लेकर एक आधुनिक भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ सहयोग किया जाना चाहिए।




यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।


| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# रेलवे ने बढ़ाई समर स्पेशल ट्रेनों की अवधि



## महाराष्ट्र से यूपी-बिहार लौट रहे यात्रियों को दी राहत

**कटनी।** रेलवे एक ओर ट्रेनों में यात्रियों की कम संख्या को देखते हुए एक के बाद एक कर ट्रेनों को रद कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर वह अब समर स्पेशल ट्रेनों की निर्धारित समय अवधि को बढ़ाकर यात्रियों को राहत भी देने में लगा हुआ है। इन ट्रेनों से सबसे ज्यादा फायदा मुंबई, पुणे से कटनी, जबलपुर होते हुए यूपी, बिहार जाने वाले यात्रियों को मिलेगा। दरअसल अभी भी महाराष्ट्र से यूपी बिहार जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ कम नहीं हुई है। इस रूट पर चलने वाली अधिकांश ट्रेनों में अभी भी लंबी वेटिंग लगी हुई है।

### इन ट्रेनों की बढ़ाई गई समयावधि

1-गाड़ी संख्या 01329/01330 पुणे-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन को पुणे से 22, 25, 27 और 29 मई और गोरखपुर से 24, 27, 29 एवं 31 मई को चलेगी।

2-गाड़ी संख्या 01331/01332 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 21, 24, 28 एवं 31 मई और दानापुर से 22, 25, 29 मई एवं 01 जून को चार ट्रिप के लिए चलेगी।

3-गाड़ी संख्या 01333/01334 पुणे-दरभंगा-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 26 मई को और दरभंगा से 28 मई को एक ट्रिप के लिए।

4-गाड़ी संख्या 01335/01336 पुणे-भागलपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 23 एवं 30 मई और भागलपुर से 25 एवं 01 मई को दो ट्रिप के लिए।

5-गाड़ी संख्या 01359/01360 सीएसएमटी-गोरखपुर-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 21, 23, 24, 26, 28, 30 एवं 31 मई और गोरखपुर से 23, 25, 26, 28, 30 मई और 1 एवं 2 जून को सात ट्रिप के लिए चलाया जाएगा।

6-गाड़ी संख्या 01361/01362 सीएसएमटी-दानापुर-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन की सीएसएमटी से 27 मई और दानापुर से 28 मई को एक ट्रिप के लिए।

7-गाड़ी संख्या 01363/01364 सीएसएमटी-दरभंगा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 25 मई और दरभंगा से 27 मई को एक ट्रिप के लिए।

8-गाड़ी संख्या 01365/01366 सीएसएमटी-छपरा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 22 एवं 29 मई और छपरा से 24 एवं 31 मई को दो ट्रिप के लिए चलाया जाएगा।



# एक्टिव केसेस की ली जानकारी, कांटेक्ट ट्रेसिंग पर फोकस करें

**कटनी।** जिले के प्रवास पर आये प्रदेश के खनिज साधन एवं श्रम व जिले के कोविड प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने वीसी के माध्यम से ब्लॉक लेवल के आपदा प्रबंधन समूह से संवाद किया। उन्होने अपनी बात रखते हुये कहा कि इस कोरोना कर्फ्यू से निजात पाने के लिये अभी हमें आने वाले 5-10 दिनों तक इसका कड़ाई से पालन करना होगा। कोरोना लड़ाई बिना आपके सहयोग नहीं जीती जा सकती। मंत्री श्री सिंह ने वीसी के माध्यम से संबोधित करते हुये राज्य शासन द्वारा कोरोना को लेकर लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी भी ब्लॉक लेवल क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप को दी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड से मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि देने का निर्णय भी लिया है। साथ ही उपचार के लिये भी दिशा-निर्देश दिये हैं। हमें इस लड़ाई को जीतने के लिये अब मुस्तैदी से जुटना होगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान इसे लेकर बेहद चिंतित हैं। वे सतत् रुप से जिलों का रिव्यू कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों में आने वाले एक्टिव केस की रोकथाम के लिये हमने जिला प्रशासन की टीम को निर्देश दिये हैं। वीसी के द्वारा कोविड प्रभारी मंत्री ने एसडीएम ढीमरखेड़ा, एसडीएम विजयराघवगढ़, सीईओ जनपद रीठी से बात की। उनके क्षेत्र में एक्टिव केसेस की जानकारी ली। साथ ही कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के कार्य पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिये। इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, निर्वतमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, पीताम्बर टोपनानी, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**वीसी के माध्यम से ब्लॉक लेवल क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप से जुड़े खनिज मंत्री**

# युवती से छेड़खानी का आरोपी आरक्षक लाइन अटैच

### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद एसपी ने की कार्रवाई

**कटनी।** बाकल थाना में पदस्थ एक आरक्षक पर थाना क्षेत्र की एक युवती ने छेडख़ानी का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं आरक्षक की मनमानी की शिकायत थाना में की और सुनवाई न होने पर जब युवती ज्यादा परेशान हो गई तो उसने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की है। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने आरक्षक को लाइन अटैच कर स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। बाकल थाना में पदस्थ आरक्षक बलवीर राजपूत पर थाना क्षेत्र की एक युवती ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि शिकायत पूर्व में भी बाकल थाना में दर्ज कराई गई थी लेकिन वहां दबाब बनाकर मामले को रफादफा कर दिया गया था। साथ ही बाकल पुलिस द्वारा भी पीड़िता को कोई सहयोग नहीं मिला। ना ही पीड़िता की पुलिस द्वारा कोई सुनवाई की जा रही थी। लगातार अपनी वर्दी का रौब दिखाकर आरक्षक युवती से छेड़खानी करते हुए परेशान करता आ रहा था। पुलिस के भय से इस जुल्म को सहती रही। अब परेशान हो चुकी युवती का सब्र टूटा और उसने न्याय की उम्मीद लगाते हुए उक्त मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर की है। जिसका शिकायत नंबर 14183340 है। वहीं आरक्षक की इस घिनौनी हरकत से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है।

**स्लीमनाबाद एसडीओपी को दिए मामले की जांच के निर्देश**

# शौच के लिए घर से निकली महिला से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।**

शहर के एक थाना क्षेत्र में शौचक्रिया के लिए घर से बाहर गई महिला के साथ बालत्कार का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। निरीक्षक विपिन सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी मूलतः मुजफ्फरनगर बिहार हाल ग्राम लमतरा निवासी 25 वर्षीय राजा बाबू ने जब महिला शौचक्रिया के लिए घर से बाहर निकली थी तो उसे धक्का देकर गिरा दिया और फिर मुंह दबाकर बलात्कार किया। महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को लमतरा फैक्ट्री के क्वार्टर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी के अलावा परिवीक्षाधीन डीएसपी अमन मिश्रा, उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत, प्रआ नरेंद्र पटेल, अविनाश मिश्रा, आरक्षक दिनेश सेन, मोहन मंडलोई, रितिका सिंह, अर्चना तिवारी की भूमिका रही।

**वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री ने किया उद्घाटन**

# चार दशक बाद मिली पत्रकार भवन की सौगात





**कटनी।** लगभग 4 दशकों के बाद जिले के पत्रकारों को एक छत के नीचे बैठने पत्रकार भवन की सौगात मिली है। बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने के बाद अब सभी पत्रकार कालोनी के लिए जरूरी प्रयासों में जुट जाएं। उक्त आशय के विचार बीडी अग्रवाल वार्ड स्थित पत्रकार भवन के उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोला बाबू, सुरेश सोनी ऋतुराज, लालजी शर्मा, अश्वनी बडगैंया एवं हेमदर्शन गौर ने व्यक्त किए। इससे पूर्व श्री अग्निहोत्री ने करतल ध्वनि के बीच रिबन काटकर पत्रकार भवन का शुभारंभ किया। विद्या दायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों और पत्रकारों ने पूजन अर्चन किया। वरिष्ठ पत्रकार चंद्रदर्शन गौर के अस्वस्थ होने से उनका प्रतिनिधित्व अनुज हेमदर्शन ने किया।

अतिथियों का स्वागत कोर कमेटी मेंबर सत्यदेव चतुर्वेदी, संजय जैन, शैलेश पाठक, वंदना तिवारी, विवेक शुक्ला, अमर ताम्रकार, गिरीश श्रीवास्तव, अनिल तिवारी, प्रेम सिंह, संजीव वर्मा, अजय शर्मा, जितेंद्र जित्तू कोष्टा, नीरज वर्मा, अशोक वर्मा, रवि आरख, प्रकाश पटेल, नितिन रैकवार ने मोती की माला से किया। इस मौके पर नारी शक्ति के रूप में उपस्थित पायल जोतवानी एवं आशुतोष शुक्ला का भी स्वागत पत्रकारों ने किया। पत्रकार भवन की सौगात मिलने पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में पत्रकार मुकेश तिवारी, आशीष रैकवार, भवानी तिवारी, लीलाधर जाटव, अन्नू शर्मा, विकास बर्मन, अरविंद गुप्ता, जितेंद्र राय, नीतेश जैन, सुनील यादव, रोहित सेन, हीरा विश्वकर्मा, पिंटू चतुर्वेदी, अनुराग त्रिसोलिया, रवि देवानी, हसन रसीद, असलम खान, शकील खान, प्रभाकर सिंह, सचिन तिवारी, मनोज मखीजा, राहुल उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सत्यदेव चतुर्वेदी बब्बा भैया ने किया। आभार प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार संजय जैन ने पत्रकार भवन की सौगात देने के लिए क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मंत्री विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, संदीप जायसवाल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कोरोना जागरुकता रथ से गांव-गांव जाकर लोगों को किया जागरुक

### घर मे रहें सुरक्षित रहें, मास्क लगाएं, दो गज की दूरी बनाये रखें

**कटनी।** मानव जीवन विकास समिति व एकता परिषद बिजौरी के सचिव निर्भय सिंह के तत्वाधान में बड़वारा ब्लॉक के विभिन्न गांवों मझगवां, भदौरा, नन्हवारा कला, अमाड़ी, बरछेका, बसाड़ी, सुड्डी, परसवारा सहित अन्य गांव में जाकर कोरोना जागरूकता रथ के माध्यम से कोरोना से बचने के उपाय साथ ही कोरोना वैक्सीनेशन कराने, कोरोना की जांच कराने लोगों को जागरूक किया गया है।



अभियान को संचालित कर रहे रामकिशोर चौधरी ने बताया की गांव में भ्रमण के दौरान लोगों को अधिक से अधिक जांच कराने कोरोना रथ से साउंड सिस्टम के माध्यम से अलाउंस कर प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान आक्सिमीटर से टेम्प्रेचर चैक किया गया, जिसमें सभी सामान्य स्थिति में पाए गए। लोगों को यह भी बताया गया कि सभी को कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन करना है। सभी को घर पर ही रहना हैए अति आवश्यक काम होने पर ही घर से बाहर निकले घर मे रहे सुरक्षित रहे। अभियान टीम में रामकिशोर चौधरी, चंद्रपाल कुशवाहा, अभय पटेल, तरुनेश सहित कई लोगों का लगातार अच्छा सहयोग रहा। इनकी मदद से कोरोना जागरूकता रथ गांव तक पहुंचकर अपनी सेवा दे पाया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# जनअभियान परिषद ने निकाली जनजागरण रैली





**बरही।** जन अभियान परिषद द्वारा निरंतर गांव.गांव जाकर कोरोना वायरस से बचाव हेतु जनजागरण किया जा रहा है। विगत दिनों जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक नंदनी वाटिया बरही और खितौली पहुंची। इस दौरान उन्होंने बरही तहसील 21 वोलेंटियर एवं खितौली तहसील के 21 वॉलेंटियरर्स को कोरोना किट वितरित कर सभी वोलेंटियर्स को समाज को जागरूक कर कोरोना मुक्त कराने हेतु संकल्प दिलाई साथ ही नगर में स्लोगन के माध्यम से रैली निकालकर सभी को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान नवल चतुर्वेदी को बरही तहसील एवं मनोज तिवारी को खितौली सेक्टर से वोलेंटियर्स के ग्रुप लीडर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इस दौरान ब्लॉक समन्वयकनंदनी वाटियाए नवल चतुर्वेदीए रविशंकर रजकए अरविंद विश्वकर्माए रजनीश सोनी एरवि सिंहए खिलाड़ी प्रजापतिए विक्रम जायसवाल एवं अन्य वोलेंटियर्स उपस्थित रहे।



## जिले में कोरोना संक्रमण से अब तक की सबसे बड़ी राहत

# लॉकडाउन का असर : 2.7 प्रतिशत पॉजीटिविटी रेट

### जानकारों ने कहा - संक्रमण कम हुआ, खत्म नहीं, अभी भी ब्लैक फंगस की दहशत, तीसरी लहर से निपटने की जाएं तैयारियां

**कटनी। जिले को कोरोना संक्रमण से अब तक की सबसे बड़ी राहत मिली है। लॉकडाउन के करीब डेढ़ महीने बाद कोरोना संक्रमण दर में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। पिछले कुछ दिनों से पॉजीटिविटी रेट लगातार नीचे आ रहा था और आज 22 मई को यह 2.7 प्रतिशत पर आ गया। बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 9 अप्रैल से लागू किए गए लॉकडाउन के दौरान ऐसा पहली बार हुआ, जब जिले में 24 घंटे में आधा सैकड़ा से कम पॉजीटिव केस मिले। इस दौरान एक बार यह आंकड़ा 421 तक पहुंच गया था।**

अप्रैल के महीने में जहां कोरोना संक्रमण कहर बनकर टूट रहा था तो और हर दिन डेढ़ सौ से ज्यादा संक्रमित मरीज मिल रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ मई का महीना शुरू होते ही इसमे कमी देखने को मिली। डेढ़ सौ से 100 और 100 से नीचे आते हुए पॉजीटिव केस की संख्या आधा सैकड़ा से कम पर आ गई है। पॉजीटिविटी रेट नीचे आने से भले ही स्वास्थ्य विभाग राहत की सांस ली हो लेकिन जानकारों का मानना है कि अभी खतरा टला नहीं है। संक्रमण कम हुआ है, खत्म नहीं। संक्रमण में कमी आने के साथ ही अभी ब्लैक फंगस की दहशत बनी हुई है।

### अब प्राईवेट लैब में भी हो रही जांच

सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने बताया कि जिले में अप्रैल के महीने में कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद अधिक से अधिक लोगों की जांच हो सके, इसके लिए नई बस्ती में एक प्राईवेट लैब को कोरोना जांच के अधिकृत किया गया था। जहां हर दिन लोग जांच कराने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पॉजीविटी रेट 2.7 आने का यह मतलब नहीं है कि कोरोना संक्रमण खत्म हो गया है, सावधानियां जरूरी है।



### ब्लैक फंगस के मरीज बढ़ रहे

विशेषज्ञों ने तीसरी लहर आने की भी चेतावनी दी है। संक्रमण में कमी आने के बाद अब जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को तीसरी लहर से निपटने के लिए तैयारियों में जुट जाना चाहिए। शहर के बुद्धिजीवियों का कहना है कि प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और जिले के जनप्रतिनिधियों को अब जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की तरफ ध्यान देना चाहिए। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान जिन चीजों की कमी से मरीज परेशान हुए और बड़ी संख्या में मौतें हुई, इन कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए। जिले में पिछले कुछ दिनों से ब्लैक फंगस के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है।

### 11 मई से लेकर 22 मई तक जिले में पॉजीटिव केस, सेम्पलिंग, डिस्चार्ज और मौतों की जानकारी

| तारीख | पॉजीटिव | सेम्पलिंग | संक्रमण दर | डिस्चार्ज | मौत |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 मई | 105 | 670 | 15.67 | 112 | 03 |
| 12 मई | 69 | 537 | 12.84 | 114 | 04 |
| 13 मई | 96 | 830 | 11.56 | 232 | 03 |
| 14 मई | 70 | 736 | 9.51 | 125 | 03 |
| 15 मई | 73 | 836 | 8.73 | 131 | 00 |
| 16 मई | 74 | 916 | 8.00 | 145 | 00 |
| 17 मई | 70 | 909 | 7.77 | 131 | 00 |
| 18 मई | 80 | 989 | 8.00 | 113 | 00 |
| 19 मई | 76 | 1064 | 7.14 | 108 | 00 |
| 20 मई | 58 | 1003 | 5.78 | 124 | 00 |
| 21 मई | 52 | 1495 | 3.55 | 118 | 04 |
| 22 मई | 29 | 1106 | 2.70 | 88 | 04 |

**पिछले 24 घंटे में पॉजीटिव केस - 29**
**अब तक कुल पॉजीटिव केस - 9291**
**24 घंटे में ठीक हुए मरीज - 88**
**अब तक कुल ठीक हुए मरीज - 8574**
**अब तक मौतें - 87**
**आंकड़े स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार**

### 20 अप्रैल को 421 तो आज 22 मई को 29 केस

जिले में कोरोना संक्रमण की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अप्रैल के महीने में जब कोरोना संक्रमण जिले के लोगों पर कहर बनकर टूट रहा था, उस समय 20 अप्रैल को एक दिन में 421 लोगों की रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी। जिससे पूरे जिले में दहशत व्याप्त हो गई थी। आलम यह था कि जिला चिकित्सालय लेकर प्राईवेट हॉस्पिटल में एक-एक बेड के लिए मारामारी मची हुई थी। इस दौरान मौतों का आंकड़े में भी उछाल आया। कोविड और नॉन कोविड से मरने की वालों संख्या तेजी से बढ़ी। नदीपार मुक्तिधाम और पन्ना मोड़ स्थित कोविड मुक्तिधाम में एक दिन में एक दर्जन से ज्यादा अंतिम संस्कार किए गए। अप्रैल में कोरोना संक्रमण ने कहर बरपाया तो मई शुरू होते ही लॉकडाउन के चलते राहत नसीब हुई। मई में संक्रमण की दर में कमी आने के साथ ही पिछले कुछ दिनों से शतक से नीचे पॉजीटिव केस मिल रहे थे और आज 22 मई को 29 केस मिले हैं।

### 29 नए पॉजीटिव केस, 88 डिस्चार्ज तो 4 की मौत दर्ज

सीएमएचओ के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक जिले में पिछले 24 घंटे में 29 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिसमे रेपिड एंटीजन टेस्ट की 560 सेम्पल की रिपोर्ट में 7, पूना की प्राईवेट लैब से मिली 485 सेम्पल (आरटी-पीसीआर) की रिपोर्ट में 4 और अन्य प्राईवेट लैब से 18 पॉजीटिव केस मिले हैं। जिले में अब कुल संकमित मरीजों की संख्या 9291 हो गई है। जिले में एक्टिव केस 630, शासकीय संस्थाओं कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीज 49 एवं निजी चिकित्सालयों में 37 मरीज उपचार रत हैं। पिछले 24 घंटे में 88 मरीज स्वस्थ हुए हैं और अब तक 8574 मरीज डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। बुलेटिन में 4 मौतें भी दर्ज की गई है। इस तरह कोरोना से अब तक 87 मौतें हो चुकी हैं।

### इनका कहना है

कोरोना संक्रमण दर में कमी आई है। लॉकडाउन के चलते लोग घरों में है। जिससे केसेस कम आ रहे हैं लेकिन कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, इसलिए लोगों को सावधानियां बरतना चाहिए और प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। ब्लैक फंगस के मरीजों को मेडिकल कॉलेज सघन उपचार के लिए भेजा जा रहा है। तीसरी लहर की भी तैयारियां की जा रही है।

-डॉ. प्रदीप मुढ़िया,
सीएमएचओ

**कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई, 1 लाख 80 हजार की दवाएं जप्त, पूछताछ जारी**

## एंटीबायटिक दवाओं की कालाबाजारी के संदेह में सिविल लाइन से युवक गिरफ्तार

**कटनी। लॉकडाउन में एंटीबायटिक दवाओं की कालाबाजारी करते एक युवक को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। युवक के मकान व उसके पास से बड़ी मात्रा में दवाएं जप्त की गई है। आरोपी युवक दवाएं कहां से लाता था और कहां पहुंचाता है इस संबंध में रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। आरोपी से पूछताछ जारी है।**



जब्त की गई दवाओं के साथ आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

कोतवाली प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक फारेस्टर प्लेग्राउंड के पास दवाएं लेकर जा रहा है। जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को जानकारी देते हुए तत्काल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बताए हुलिया अनुसार सिविल लाइन सूरी गली निवासी 42 वर्षीय जितेंद्र कुमार गुप्ता को रोककर पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई। जांच के दौरान जितेन्द्र के पास इंजेक्शन व दवाएं पाई गईं। ये दवाएं एंटीबायटिक व अन्य प्रकार की बताई जा रही हैं। युवक से दवाओं के संबंध में दस्तावेज मांगे गए जो नहीं दिखा पाया। युवक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। युवक ने पूछताछ में बताया कि घर पर भी दवाएं रखी हैं।

पुलिस ने वहां भी जाकर जांच की। जांच के दौरान अत्यधिक मात्रा में दवाएं मिलीं। आरोपी युवक के पास से एक लाख 80 हजार रुपये कीमती दवाएं जप्त की गई हैं। अवैध तरीके से बिना लाइसेंस के बड़ी मात्रा में दवाएं रखे मिलने पर पुलिस ने 5,13 मप्र ड्रग्स कंट्रोल एक्ट 1949 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा सहित उपनिरीक्षक उदयभान मिश्रा, अशोक उपाध्याय, प्रधान आरक्षक गणेशदत्त मिश्रा, नितिन जायसवाल, भोलेशंकर हल्दकार, आरक्षक पलाश दुबे, राजेंद्र उइके, मंसूर हुसैन, लोकेन्द्र, नीलेन्द्र गौतम व पवन सिंह की भूमिका रही।



## माधवनगर पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई किराना दुकान की चोरी

### चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने किराना दुकान में हुई 1 लाख 15 हजार रूपए की चोरी का 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से किराना दुकान से चोरी किया गया किराना सामान बरामद कर लिया गया है। गौरतलब है कि माधवनगर मेन बाजार स्थित किरण लाइन निवासी विजय डोडानी की किराना दुकान में धावा बोलकर अज्ञात बदमाश 1 लाख 15 हजार रूपए कीमती किराना सामान व नगदी लेकर चंपत हो गए थे। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे व उनकी टीम को चोरी की इस वारदात से पर्दा उठाने में सफलता मिल गई। किराना दुकान में चोरी के आरोप में पुलिस ने मोहित धमेचा व रवि हिरवानी नामक दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है। चोरी की इस वारदात से पर्दा उठाने में माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल, सहायक उपनिरीक्षक तीरथ प्रसाद तेकाम, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह, नीरज पांडेय, आरक्षक आशीष दुबे, मणि बागरी, भुवनेश्वर बागरी, वीरेंद्र चढ़ार व रामेश्वर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस ने काटा 2 हजार रूपए का चालान, लॉकडाउन उल्लंघन का मामला भी दर्ज

**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत बिना मास्क साथियों के साथ कार में तफरी करना एक ठेकेदार को महंगा पड़ गया। पुलिस ने ठेकेदार पर 2 हजार रूपए का जुर्माना करने के साथ ही लॉकडाउन उल्लंघन का भी मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्वारा कोरोना महामारी के संक्रमण की रोकथाम के लिए संपूर्ण जिले में लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराए जाने हेतु आदेशित किया गया है। लॉकडाउन का बहुत ही सही क्रियान्वयन कैमोर पुलिस द्वारा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कराया गया है। जहां दिन में भी हमेशा सन्नाटा छाया रहता है और बहुत ही कम ऐसे अवसर मिले जब दुकानें खुली हो। इसी तारतम्य मे कैमोर में शुक्रवार को अमरैयापार स्टेट बैंक एटीएम के पास आई-10 कार से बिना मास्क लगाए साथियों के साथ घूम रहे ठेकेदार अब्दुल गनी निवासी नागपुर हॉल कैमोर हाउस को उस समय महंगा पड़ गया। जब लॉक डाउन का पालन कराने चेकिंग कर रहे कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन और प्रभारी सीएमओ पृथ्वीराज सिंह ने कार को रोककर ना केवल 2000 का जुर्माना किया बल्कि धारा 188 के तहत एफआईआर भी दर्ज की। उल्लेखनीय है कि जहां एक ओर कैमोर पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के निर्धन एवं गरीबों को पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सम्बल के तहत खाद्यान्न सामग्री भी विगत कई दिनों से बांटी जा रही है। जिसकी आम जनता द्वारा सराहना की जा रही है।





**1 की घटना स्थल पर मौत, बरही के करौदीकला की घटना**

## बलकर वाहन की चपेट में आए बाइक सवार

**बरही।** बलकर वाहन की चपेट में आए 2 बाइक सवारों में एक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर बरही थाना टीआई संदीप अयाची स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंच गए। घटना के संबंध में टीआई संदीप अयाची से मिली जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र के करौंदीकला गांव में शुक्रवार की सुबह 9 बजे दो बाइक सवार जितेंद्र पिता रघुनंदन सिंह उम्र 39 की घटना स्थल पर मौत हो गई, वहीं कृष्णकांत पिट बाबूलाल घायल हो गया। बताया गया की घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रक के चपेट मे आए बाइक सवारों को मशीन के माध्यम से बाहर निकलवाया। घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से बरही अस्पताल मे भर्ती कराया गया। बताया गया कि ट्रक खितौली की ओर से बरही की ओर जा रहा था तभी करौंदी कला गांव के पास ट्रक के चपेट मे आ गए। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत मर्ग कायम कर मामले की जांच मे जुटी है।













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)